**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 13.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के चार वर्ष पूरे, उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा – केन्द्रीय योजनाओं के माध्यम से दे”ा के आर्थिक विकास को मिली गति।**
2. **निर्वाचन आयोग ने झारखंड की घाटशिला समेत सात राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए अधिसूचना की जारी, 21 अक्टूबर नामांकन की अंतिम तिथि ।**
3. **भाजपा का पश्चिमी विधानसभा स्तरीय सम्मेलन जमशेदपुर में आयोजित, नेताओं ने हेमंत सरकार पर राज्य के विकास की अनदेखी का लगाया आरोप।**
4. **नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में हजारीबाग पुलिस और सीआरपीएफ को मिली बड़ी सफलता, दो एसएलआर राइफल, मैगजीन और भारी मात्रा में कारतूस बरामद।**
5. **जमशेदपुर में वाइल्ड वीक का हुआ समापन, वन संरक्षण पर दिया गया जोर, प्रतियोगिताओं के विजेता किए गए पुरस्कृत।**

**और अब समाचार विस्तार से**

********************

पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के आज चार वर्ष पूरे हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समन्वित और एकीकृत योजनाओं के माध्यम से विकास को गति देने तथा प्रौद्योगिकी के कुशल उपयोग से विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने और विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को मल्टी–मॉडल संपर्क उपलब्ध कराने के लिए 13 अक्टूबर 2021 को इस मास्टर प्लान का शुभारंभ किया था। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि पीएम गतिशक्ति – राष्ट्रीय मास्टर प्लान ने देश के बुनियादी ढांचे संबंधी योजनाओं का कायाकल्प कर दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री गोयल ने कहा कि इसके अंतर्गत मंत्रालयों, राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और विभिन्न क्षेत्रों के एक डिजिटल मंच पर साथ आने से परियोजना के कार्यान्वयन में तेजी, समन्वय और स्थिरता आई है।

********************

प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी संदेश से प्रेरित होकर चतरा जिले के मिट्टी कलाकार दीपावली पर अपनी कला को बाजार से जोड़ने में जुटे हैं। स्थानीय कलाकार प्रधानमंत्री के प्रयासों की सराहना कर रहे हैं और आशान्वित हैं कि इस बार त्योहारों में उनकी कलाकृतियों की बिक्री पहले से अधिक होगी।

********************

हजारीबाग जिले के अजीत कुमार दास की जिन्दगी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने बदल दी है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

********************

निर्वाचन आयोग ने आज सात राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी। इनमें  झारखंड में घाटशिला भी शामिल है, जहां नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि इस महीने की  21 तारीख है। इन विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए 11 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना 14 नवंबर को होगी।

****************

पूर्व निर्धारित झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक की तिथि में बदलाव किया गया है। 16 अक्टूबर को होनेवाली यह बैठक अब 14 अक्टूबर रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में दोपहर तीन बजे से आयोजित होगी।

****************

राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने आईआरसीटीसी होटल घोटाला मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और अन्य के खिलाफ आरोप तय किए। यह मामला रांची और पुरी स्थित दो आईआरसीटीसी होटलों के टेंडर में कथित अनियमितता से जुड़ा है। कोर्ट ने कहा कि घोटाले की साजिश लालू यादव की जानकारी में रची गई थी और उनके परिवार को कम दाम पर जमीन मिलने से लाभ हुआ।

****************

भारतीय जनता पार्टी का पश्चिमी विधानसभा स्तरीय सम्मेलन जमशेदपुर में आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू, सांसद विद्युत वरण महतो और विधायक पूर्णिमा साहू समेत कई नेता शामिल हुए। इस अवसर पर आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत अभियान देश की आर्थिक संरचना को सशक्त बना रहा है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार को जनता या विकास की चिंता नहीं है।

वहीं विधायक पूर्णिमा साहू ने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और मेक इन इंडिया के माध्यम से भारत की वैश्विक पहचान और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की बात कही।

****************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि घाटशिला उपचुनाव झारखंड को दलालों और भ्रष्टाचारियों से बचाने का चुनाव है। कल गुड़ाबांदा में बूथस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने हेमंत सरकार पर बिचौलियों, माफियाओं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास कार्य ठप हैं और जनता को बालू जैसी बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल रही हैं।

****************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में हजारीबाग पुलिस और सीआरपीएफ को बड़ी सफलता मिली है। बोकारो जिला के सीमावर्ती क्षेत्र से दो एसएलआर राइफल, मैगजीन सहित भारी मात्रा में कारतूस और अन्य सामग्री बरामद की गई है। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजान ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह सफलता मिली। बरामदगी के बाद पूरे क्षेत्र में कॉम्बिनेशन ऑपरेशन और गश्त चल रही है, साथ ही जंगली क्षेत्रों में भी नक्सलियों की धरपकड़ के लिए अभियान जारी है।

****************

सप्ताह के पहले कारोबारी सत्र में बेंचमार्क घरेलू शेयर सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी, मंदी के साथ खुले। आज सुबह के कारोबार में सूचकांकों में लगभग शून्य दशमलव चार प्रतिशत की गिरावट आई। अंतिम रिपोर्ट आने तक, सेंसेक्स 358 अंक गिरकर 82 हजार 143 पर और निफ्टी 109 अंक गिरकर 25 हजार 177 पर आ गया। आईटी पैक, पूंजीगत वस्तुएँ और तेल तथा गैस क्षेत्र से जुडे शेयर सबसे अधिक गिरावट में रहे।

****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 15 हजार 500 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 85 हजार रुपये प्रति किलो है।

****************

जमशेदपुर में टाटा जूलॉजिकल पार्क और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वाइल्ड वीक का समापन हो गया, जिसमें ऑन द स्पॉट पेंटिंग और फोटोग्राफी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक परितोष उपाध्याय ने कहा कि आगे भी वन विभाग इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम जारी रखेगा।

****************